RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक- 37 | भीलवाड़ा, सोमवार, 16 मार्च 2026 | पृष्ठ-04 | मूल्य-04 रूपये

## पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग..........

# दो चरणों में मतदान; चुनावी हलचल तेज, प्रशासन ने सुरक्षा और बूथ तैयारियां बढ़ाईं

▪ स्मार्ट हलचल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल गरमा गया है। राज्य में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा। तारीखों के ऐलान के बाद राजनीतिक दलों ने प्रचार तेज कर दिया है, वहीं प्रशासन ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा, बूथ प्रबंधन, ईवीएम और मतदानकर्मियों की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनाव को लेकर माहौल गर्म हो गया है। सत्तारूढ़ दल से लेकर विपक्षी दल तक सभी ने जनसभाओं, रोड शो, घर-घर संपर्क और सोशल मीडिया अभियान के जरिए मतदाताओं तक पहुंचने की रणनीति बना ली है। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक चुनावी चर्चा आम लोगों के बीच प्रमुख मुद्दा बन चुकी है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, मतदान कर्मियों की तैनाती, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) और वीवीपैट (VVPAT) की उपलब्धता, संवेदनशील बूथों की पहचान तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा का कार्य तेज कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत

मतदान की तिथियां सामने आते ही सभी प्रमुख राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। नेताओं के दौरों, सभाओं और जनसंपर्क अभियानों में तेजी आई है। राज्य में इस बार भी बेरोजगारी, विकास, महंगाई, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, किसान हित, स्थानीय बुनियादी सुविधाएं तथा केंद्र-राज्य संबंध जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में बने हुए हैं।



विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव केवल राजनीतिक मुकाबला ही नहीं, बल्कि जनभावनाओं और स्थानीय मुद्दों की परीक्षा भी होता है। ऐसे में दलों के लिए मतदाताओं का विश्वास जीतना बड़ी चुनौती रहेगा।

### सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर

पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हमेशा अहम मानी जाती रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मतदान के दिन पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, तनाव या हिंसा की आशंका को रोका जा सके।




| राज्य | सीटें | फेज | वोटिंग |
|---|---|---|---|
| प. बंगाल | 294 | 2 | 23 और 29 अप्रैल |
| तमिलनाडु | 234 | 1 | 23 अप्रैल |
| असम | 126 | 1 | 9 अप्रैल |
| केरल | 140 | 1 | 9 अप्रैल |
| पुडुचेरी | 30 | 1 | 9 अप्रैल |

मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और माइक्रो ऑब्जर्वर जैसी व्यवस्थाओं पर भी विचार किया जा रहा है। चुनाव आयोग की प्राथमिकता है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव और भय के अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

### मतदान केंद्रों पर रहेंगी ये व्यवस्थाएं

मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, दिव्यांगजन के लिए रैंप, वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायता तथा महिला मतदाताओं की सुविधा के विशेष प्रबंध शामिल हैं।

इसके साथ ही मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी तेज की जा रही है, ताकि मतदान मशीनों के संचालन, मतदाता पहचान और प्रक्रिया संबंधी नियमों में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

### मतदाताओं में उत्सुकता

राज्य में चुनावी तारीखों की घोषणा के बाद मतदाताओं में भी उत्सुकता बढ़ी है। युवा मतदाताओं, पहली बार वोट डालने वालों और महिला मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कई जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य मतदान प्रतिशत बढ़ाना और लोगों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करना है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिम बंगाल की चुनावी तस्वीर कई स्तरों पर दिलचस्प रहने वाली है। शहरी सीटों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के परिणाम भी राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### प्रशासन ने की अपील

चुनाव प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान के दिन अपने पहचान पत्र के साथ समय पर मतदान केंद्र पहुंचें और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाएं। अधिकारियों ने यह भी कहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित नियंत्रण कक्ष या चुनाव अधिकारियों से संपर्क करें।

पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाला मतदान राज्य की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब सभी की नजरें चुनाव प्रचार, मतदान प्रतिशत और अंततः नतीजों पर टिकी रहेंगी।



# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 1.85 करोड़ की ठगी का पर्दाफाश, बैंक कर्मी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

### 75 वर्षीय महिला को क्राइम ब्रांच बनकर डराया, आरबीआई जांच के नाम पर करवा लिया करोड़ों का ट्रांसफर; ठगी की रकम से खरीदी जाती थी डिजिटल करेंसी

**जयपुर** | जोधपुर साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 1.85 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए एक संविदा बैंक कर्मी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त शरत कविराज के निर्देश पर साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस उपायुक्त शाहीन सी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त धन्ना राम के सुपरविजन में सहायक पुलिस आयुक्त पदमदान चारण के मार्गदर्शन तथा पुलिस निरीक्षक सुरेश सारण के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और आसूचना के आधार पर इस गिरोह का भंडाफोड़ किया।

डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर बुजुर्ग महिला से ठगी पुलिस उपायुक्त शाहीन ने बताया कि कमला नेहरू नगर, प्रतापनगर निवासी 75 वर्षीय सरस्वती देवी माहेश्वरी के



मोबाइल पर 13 फरवरी को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से केनरा बैंक में खाता खुला है, जिसमें करीब 2 करोड़ रुपये का फर्जी लेन-देन हुआ है।

आरोपी ने महिला को गिरफ्तारी का डर दिखाते हुए कहा कि यदि वह जांच से बचना चाहती हैं तो उनकी एफडी और अन्य राशि आरबीआई जांच के लिए बताए गए खाते में जमा करानी होगी, अन्यथा उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया जाएगा। डर के कारण महिला ने 18 फरवरी को अपने एसबीआई खाते से 1 करोड़ 85 लाख 23 हजार रुपये बताए गए खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए।

इस संबंध में 23 फरवरी को साइबर पुलिस थाना जोधपुर में विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने द्वितीय लेयर के खाते के धारक तिलक सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि उसने अपना बैंक खाता साइबर अपराध के लिए शिवम तोमर को दिया था।

शिवम तोमर से पूछताछ में सामने आया कि यह खाता साइबर अपराध में इस्तेमाल करने के लिए एसबीआई के संविदा कर्मचारी अजय सिंह को दिया गया था। आगे की जांच में पता चला कि अजय सिंह इस साइबर ठगी गिरोह के मुख्य आरोपी मुकेश राव के लिए काम करता था और खातों की व्यवस्था करने में उसकी अहम भूमिका थी।

डिजिटल करेंसी में बदली जाती थी ठगी की रकम पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी मुकेश राव बैंक कर्मी अजय के माध्यम से मजदूर वर्ग के लोगों को बड़े मुनाफे का लालच देकर उनके बैंक खाते खुलवाता था और उन खातों में साइबर ठगी की रकम जमा करवाता था। बाद में रकम निकालकर खाताधारकों को कमीशन दिया जाता था। गिरोह ठगी की रकम से यूएसडीटी (USDT) डिजिटल करेंसी खरीदकर देश-विदेश में बैठे साइबर अपराधियों को भेज देता था।

मुख्य आरोपी मुकेश राव के खिलाफ पहले से भी मारपीट, लूट और अन्य आपराधिक मामलों में प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों मुकेश राव (28) निवासी बलदेव नगर, मसूरिया, जोधपुर, तिलक सिंह (19) निवासी शक्ति कॉलोनी, रातानाडा, जोधपुर, शिवम तोमर (30) निवासी कुड़ी भगतासनी, जोधपुर और अजय सिंह (25) निवासी जगदम्बा कॉलोनी, प्रतापनगर, जोधपुर (संविदा कर्मचारी, एसबीआई पाल रोड शाखा) को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका पुलिस रिमांड प्राप्त किया है, ताकि साइबर ठगी की राशि बरामद की जा सके और पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

पुलिस की सतर्कता से बच गए लाखों रुपये जांच के दौरान पीएनबी बैंक और साइबर पुलिस जोधपुर की तत्परता से करीब 22 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर होने से पहले ही रुकवा दी गई, जबकि साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से 33.87 लाख रुपये की रकम होल्ड करवा दी गई थी।

इस कार्रवाई में पुलिस थाना साइबर के पुलिस निरीक्षक सुरेश सारण, सहायक उपनिरीक्षक राजेश कुमार, कांस्टेबल रतना राम और महेन्द्र ने तकनीकी जांच और आसूचना के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# देशभर में सुबह से लाइनें लगीं, 950 वाला घरेलू गैस सिलेंडर ब्लैक में 3500 का बिक रहा




▪ स्मार्ट हलचल

नई दिल्ली, 15 मार्च 2026

देशभर में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत ने आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सुबह से ही एलपीजी वितरकों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन सब्सिडी वाले 950 के सिलेंडर की जगह कालाबाजारी का शिकार हो रहे लोग। ब्लैक मार्केट में यही सिलेंडर 3500 तक में बिक रहा है।

सरकारी सब्सिडी के बावजूद आपूर्ति की कमी से लाखों गृहिणियां परेशान हैं। दिल्ली, मुंबई, कोटा समेत प्रमुख शहरों में वितरकों ने बताया कि स्टॉक खत्म होने से बुकिंग रद्द हो रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि डीलर कमी का फायदा उठाकर ऊंचे दाम वसूल रहे हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'आपूर्ति श्रृंखला में अस्थायी रुकावट है, जल्द सुधार होगा।' लेकिन विपक्ष ने इसे 'सरकारी नाकामी' करार देते हुए जांच की मांग की है। उपभोक्ता संगठनों ने चेतावनी दी कि अगर कालाबाजारी नहीं रुकी तो आंदोलन छेड़ा जाएगा।

कोटा में स्थानीय निवासी मीना देवी ने बताया, 'पांच दिन से इंतजार कर रही हूं, रसोई ठंडी पड़ी है। ब्लैक में लेना पड़ेगा तो महीने का बजट बिगड़ जाएगा।' विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक तेल संकट और मांग बढ़ने से यह समस्या गहरा सकती है।

सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि डीलर दोषी पाए गए तो सख्त कार्रवाई होगी। फिलहाल, लाखों परिवार चूल्हे जलाए बिना रहने को मजबूर हैं।

## आमली बड़ा खेड़ा में पैंथर ने किया महिला पर हमला

# पैंथर से भिड़ी महिला, दांतली से वार कर बचाई जान, महिला हुई लहूलुहान

▪ स्मार्ट हलचल

**गंगापुर-** आमली ग्राम पंचायत के बड़ा खेड़ा में रविवार सुबह एक महिला अपने खेत में गेहूं की फसल काटने के लिए पहुंची की खेत में बैठे हुए पैंथर ने महिला पर हमला कर दिया। महिला ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पैंथर के हमले को नाकाम कर दिया। समता देवी पत्नी किशन लाल जाट उम्र 45 अपने खेत पर गेहूं की फसल काटने के लिए खेत में पहुंची ओर तभी खेत में घात लगाए बैठे पेंथर ने अचानक हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से घबराने के बजाय समता ने हिम्मत दिखाई। उनके हाथ में फसल काटने की दांतली थी, जिससे उन्होंने लेपर्ड पर जोरदार वार किया और शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण लाठियां लेकर मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों की भारी भीड़ और शोर-



शराबा देखकर पैंथर जंगल की ओर भाग निकला।

### घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा

घटना के तुरंत बाद लहूलुहान हालत में ग्रामीणों ने समता को आमली के स्थानीय चिकित्सालय पहुँचाया। डॉक्टरों के अनुसार, हमले में महिला के हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर पैंथर के नाखून से चोटें आई हैं, लेकिन समय पर उपचार के बाद महिला को छुट्टी दे दी गई।

### गांव और आसपास के इलाको में फैली दहशत

इस घटना के बाद से ही गांव और आसपास के इलाकों में पैंथर की दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर पैंथर को पकड़ने की मांग की। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। और पैंथर को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की।

# कोटा पुलिस की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइकः कोहिनूर 0007 गैंग का 'गेम ओवर', अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । भीलवाडा पुलिस कोटा। कोटा में अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए बोरखेड़ा थाना पुलिस ने एक सनसनीखेज कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने शहर को दहलाने की साजिश रच रहे कोहिनूर 0007 गैंग के गुर्गों को दबोचकर अवैध हथियारों की बड़ी खेप पकड़ी है।

### कोटा शहर पुलिस नें हथियारों का जखीरा पकड़ा

पुलिस ने बदमाशों के पास से 6



देशी पिस्टल, 2 कट्टे और 12 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### बदमाशों की गिरफ्तारी

पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाशों में 10 हजार का इनामी अपराधी भी शामिल है। ये सभी खतरनाक 'कोहिनूर 0007' गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं।

### इंदौर से कोटा 'सप्लाई चेन'

जांच में खुलासा हुआ है कि हथियारों की यह खेप इंदौर (MP) से कोटा लाई गई थी। इन हथियारों को स्थानीय बदमाशों को सप्लाई किया जाना था, जिससे शहर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम दिया जा सके।

### बोरखेड़ा पुलिस की मुस्तैदी

थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर इस गैंग को तब दबोचा जब वे शहर में हथियार खपाने की फिराक में थे

# पत्नी द्वारा आत्महत्या करने के आरोप में पति को न्यायालय ने किया दोषमुक्त

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** /अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश महोदय म.उ.द.प्र. भीलवाड़ा ने पति की मानसिक एवं शारीरिक प्रताडना से आत्महत्या करने के आरोप में सुरेशचन्द्र सुवालका पुत्र रतनलाल सुवालका निवासी कृष्णा नगर, आवरी माता मन्दिर के पीछे, जवाहर नगर भीलवाडा को आरोप से दोषमुक्त किया है। अधिवक्ता गणपत सिंह राणावत ने बताया की परिवादी राजेन्द्र पिता शिवलाल सुवालका निवासी भूणास हाल निवासी आजादनगर, भीलवाडा ने दिनांक 15.11.2018 को पुलिस अधीक्षक, भीलवाडा को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरी बहन चंचल का विवाह सुरेशचन्द्र सुवालका के साथ सम्पन्न हुआ और विवाह के बाद 3 संतानें पुत्र मोनु, पुत्री अदिति, पुत्र प्रियल का जन्म हुआ एवं मेरी बहन चंचल को उसका पति आये दिन शराब पीकर रूपयों की मांग करता है और कई लडकियों से नाजायज संबंधों के विडियो बताता और जहर खाने के लिए मेरी बहन को उकसाता और मेरी बहन को दहेज की खातिर शारीरिक मानसिक यातनाएं देकर आत्महत्या करने को मजबुर कर दिया, सुरेश के अत्याचारों से तंग आकर मेरी बहन ने दिनांक 17.10.2018 को रात्रि में 8.00 बजे जहर खा लिया व महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती है एवं सुरेश प्रभावशाली होने से मेरी बहन के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष नहीं होने दिये, पुलिस ने खाली कागजों पर लिखा पढी की, और मेरी बहन की अंगुठा निशानी




करवा ली, पूछताछ करने पर मेरी बहन ने सारी घटना बताई जिसका वीडियो बनाया और 19 व 20 अक्टुबर की रात्रि को मेरी बहन की मृत्यु हो गई। जिस पर एडीशनल एस.पी. को जांच दी गई एवं अभियुक्त के खिलाफ अपराध अंतर्गत धारा 306 भा.द.सं. के तहत मुकदमा दर्ज किया। तफ्तीश के बाद चालान कोर्ट में पेश किया गया एवं इस पर अतिरिक्त सेशन न्यायालय, म.उ.द.प्र. भीलवाडा द्वारा विचारण किया गया और 21 गवाहों के बयान अभियोजन द्वारा लेखबद्ध कराकर 17 दस्तावेज प्रदर्शित कराये गये आरोपी के अधिवक्ता की ओर से बचाव में प्रतिपरीक्षा की गई और प्रतिपरीक्षा में आरोपी सुरेशचन्द्र सुवालका के बयान लेखबद्ध करवाकर 56 दस्तावेज प्रतिरक्षा में प्रदर्शित कराये गये। आरोपी के अधिवक्ता की बहस एवं दलीलों से न्यायालय ने संतुष्ट होकर आरोपी को दोषमुक्त किया। आरोपी की और से पैरवी अधिवक्तागण गणपत सिंह राणावत, सन्नू मेवाफरोस, जितेन्द्र सिंह राणावत, वीरेंद्र सिंह शेखावत, शिव प्रताप सिंह राणावत, नीलम कँवर राठौड़, शम्भू सिंह चुण्डावत, नकुल गुर्जर व जुनैद आलम ने की।

# यातायात सलाहकार सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का विस्तार

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । शहर की यातायात सलाहकार सेवा समिति के अध्यक्ष भरत सिंह राजावत ने समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें निरंजन तिवाड़ी, ओमप्रकाश व्यास, राकेश सक्सेना एवं जगदीश चन्द्र शर्मा को संरक्षक मनोनीत किया गया है। वहीं पुष्कर दत्त व्यास को सचिव तथा दिनेश बाहेती को कोषाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। संगठन की मजबूती के लिए अनिल कुमार व्यास एवं अनुपम संघेती को उपाध्यक्ष और रतन गुर्जर एवं गोपाल जाट को संगठन मंत्री बनाया गया है।

# विश्वकर्मा पांचाल (लोहार) समाज की विशाल सार्वजनिक आमसभा 22 मार्च को

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । श्री विश्वकर्मा पांचाल (लोहार) समाज की ओर से समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के निराकरण को लेकर 22 मार्च को पांचाल लोहार समाज जिला छात्रावास, तिलक नगर भीलवाड़ा में विशाल सार्वजनिक आमसभा आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले भर से व जिले के आसपास के क्षेत्रों से समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, प्रबुद्ध नागरिक एवं समाजबंधु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आमसभा में समाज में लंबे समय से चली आ रही विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के निराकरण को लेकर गंभीरता से विचार-विमर्श किया जाएगा। विशेष रूप से बाल विवाह, धौवरा प्रथा, मृत्यु भोज, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने पर चर्चा होगी। इसके साथ ही समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, विवाह समारोह में आभूषण (सोना-चांदी) की न्यूनतम सीमा तय करने तथा मृत्यु भोज में व्यंजनों की संख्या सीमित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी निर्णय लिए जाने की संभावना है। इसके अलावा समाज को नशा मुक्त बनाने को लेकर भी आमसभा में विशेष रूप से विचार किया जाएगा और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ और सशक्त समाज मिल सके।

# होली स्नेह मिलन समारोह में एकादशी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन की घोषणा

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । गुलाल एवं धार्मिक भजनों की मधुर धुनों के बीच राजस्थान सुवालका (कलाल) महासभा संस्थान द्वारा नेहरू विहार रिंग रोड स्थित सुवालका भवन प्रांगण में होली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। प्रवक्ता कैलाश सुवालका (हलेड़) ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सभाध्यक्ष प्रभुलाल बावलास सहित वरिष्ठ समाजजनों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश सुवालका (सांगानेर) ने अपने संबोधन में आगामी देवउठनी एकादशी पर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरनी महादेव में आयोजित होने वाले विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर उपस्थित समाजजनों से सुझाव लिए। साथ ही सम्मेलन की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।





प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सुवालका ने समाज की असहाय एवं विधवा माताओं के बच्चों का सम्मेलन में निःशुल्क विवाह करवाने का सुझाव रखा, जिसका उपस्थित समाजबंधुओं ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। कार्यक्रम में महासभा के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी पद पर शंकरलाल सुवालका (बैशकलाई) को मनोनीत किया गया। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ एवं युवा समाजबंधु धार्मिक भजनों की धुन पर झूम उठे और फूलों की होली खेलते हुए आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्यामलाल फुकिया, प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण, श्यामलाल पारोली, बाबूलाल गंगरार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, प्रवक्ता हीरालाल, सम्पतलाल देवली, लादूलाल सुरास, भंवरलाल विजयनगर, रतनलाल बिहाड़ा, शंकरलाल भोली, किशनलाल पहुंना, बजरंग लाल भीलवाड़ा, सम्पत घेवरिया, नंदकिशोर बावलास, गोपाल शाहपुरा, सुरेश गुरला, सहित सैकड़ों समाजबंधु मौजूद रहे।

# जोधपुर जेल में इफ्तार पार्टी फोटो वायरल हुआ तो 13 मोबाइल भी मिले



▪ स्मार्ट हलचल

**जोधपुर** । जेल में सुरक्षा की बातें तो बहुत होती हैं लेकिन इनके अंदर बंद कैदी ही आए दिन सुरक्षा की पोल खोल देते हैं। जिस जेल को हाई सिक्योरिटी वाला मानकर खूंखार आतंकवादी से लेकर सोनम वांगचुक तक को रखा जाता है, उसी जेल में कैदियों ने पहले इफ्तार पार्टी की, फिर फोटो लेकर वायरल किया। जब जेल प्रशासन की क्लास लगी तो तलाशी अभियान चलाया और इसमें जेल प्रशासन की फिर पोल खुल गई जब 13 मोबाइल और अनेक सिम कार्ड बरामद हुए।

अब यह बताने की जरूरत तो है नहीं कि खाली हाथ जेल में आने वाले कैदियों के पास मोबाइल आते कहां से हैं? जेल के ही कर्मचारी और सुरक्षा प्रहरी थोड़े से पैसों के लालच में कैदियों तक यह मोबाइल और अन्य सामग्री पहुंचाते हैं। हर बार सरकार कड़ी कार्रवाई करने से बचती रहती है और यह सिलसिला ऐसे ही चलता भी रहता है। हम गारंटी से कह सकते हैं कि सरकार इस बार भी कोई कार्रवाई नहीं करेगी और यह सिलसिला यूं ही चलेगा।

जेल में कैदियों और बंदियों के पास मोबाइल होता है तो वे जेल से ही अपराध और वसूली के नेटवर्क को आराम से संचालित करते हैं। और जब जेल में होते हैं तो अपराध करने के बावजूद उनका कोई दोष साबित नहीं हो पाता। इतनी गंभीरता को भी जेल प्रशासन ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। यह बेहद चिंताजनक है।

## शक्करगढ़ में फिल्मी स्टाइल में चेजिंग:

# ग्रामीणों ने ट्रैक्टर लगाकर रोका रास्ता, हथियार लहराते हुए थार छोड़कर जंगल में भागे बदमाश

## गोपालपुरा टोल तोड़कर काछोला की तरफ भागी थी बिना नंबर की सफेद थार; पुलिस ने कार और 2 जिंदा कारतूस किए जब्त, शीशे पर लिखा था 'जौरासी सरकार'

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / जिले के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार (14 मार्च) शाम को पुलिस और बदमाशों के बीच किसी फिल्मी दृश्य जैसी घेराबंदी देखने को




मिली। गोपालपुरा टोल नाका तोड़कर भाग रही एक संदिग्ध सफेद थार जीप का पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पीछा कर रास्ता रोका। पुलिस को सामने देख 3-4 हथियारबंद बदमाश अपनी थार गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल में फरार हो गए। पुलिस ने मौके से वाहन और दो जिंदा कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### टोल तोड़कर भागी थार, ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों से किया रास्ता जाम

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत यह कार्रवाई हुई। शक्करगढ़ थाने के एएसआई ताराचंद को माण्डलगढ़ व बीगोद पुलिस से सूचना मिली थी कि 3-4 बदमाशों से भरी एक सफेद थार गोपालपुरा टोल तोड़कर काछोला की तरफ तेज गति से आ रही है। सूचना पर एएसआई ताराचंद मय जाब्ता रामपुरा की ओर रवाना हुए।

इसी दौरान बीट कांस्टेबल फूलसिंह ने रामपुरा के ग्रामीणों को फोन कर आम रास्ते पर वाहन खड़े कर रास्ता जाम करने को कहा। रामपुरा के ग्रामीणों ने गजब की सूझबूझ दिखाते हुए आम रास्ते पर ट्रैक्टर आड़े लगा दिए।

### तालाब की पाल पर गाड़ी छोड़ी, बंदूक लहराते हुए भागे

शाम करीब 7:05 बजे जब तेज रफ्तार थार रामपुरा पहुंची, तो बदमाशों ने सामने पुलिस और ग्रामीणों का घेरा (ट्रैक्टर) देखकर गाड़ी को कच्चे रास्ते की तरफ घुमा दिया। आगे तालाब की पाल होने से गाड़ी फंस गई, जिसके बाद बदमाश गाड़ी छोड़कर भागने लगे। भागते समय एक बदमाश के हाथ में बंदूक थी, जिसे लहराते हुए कुल 3-4 बदमाश जंगल की तरफ फरार हो गए। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी तलाश की, लेकिन रात के अंधेरे के कारण उनका सुराग नहीं लग पाया।

### कारतूस मिले, गाड़ी पर लिखा था 'जौरासी सरकार'

पुलिस ने जब लावारिस हालत में मिली थार गाड़ी की तलाशी ली, तो अगली सीट के पास से 2 जिंदा देसी कारतूस (8mm) बरामद हुए। थार के आगे का शीशा टूटा हुआ था और उस पर कोई रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। हालांकि, गाड़ी के पीछे के शीशे पर हिंदी में 'जौरासी सरकार' और 'रॉयल ऑटोमोबाइल्स' लिखा हुआ था। पुलिस ने इंजन व चेसिस नंबर नोट कर वाहन और कारतूस जप्त कर लिए हैं। शक्करगढ़ थाने में आर्म्स एक्ट (धारा 3/25) के तहत प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### इस पुलिस टीम ने की कार्रवाई

थानाधिकारी पूरणमल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एएसआई ताराचंद, हेड कांस्टेबल बिहारी लाल, व कांस्टेबल फूलसिंह, गजवीर, सुरेश, मंगलराम और संदीप का विशेष योगदान रहा।

## श्यामगढ़ में बहेगी भक्ति की रसधार: 2 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का होगा भव्य शुभारंभ

▪ स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा**। क्षेत्र के ग्राम श्यामगढ़ में आगामी 2 अप्रैल से धर्म और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। समस्त श्यामगढ़ ग्राम पंचायतवासियों और श्री चारभुजा नाथ के संयुक्त तत्वावधान में भगवान चारभुजा नाथ मन्दिर प्रांगण परिसर में सात दिवसीय 'संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 2 अप्रैल से शुरू होकर 8 अप्रैल तक चलेगा, जिसकी तैयारियों में ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए हैं।

कलश यात्रा से होगा श्रीगणेशः आयोजन समिति और ग्रामीणों ने बताया कि कथा का शुभारंभ 2 अप्रैल (गुरुवार) को एक विशाल और भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा प्रातः 8:15 बजे मंदिर प्रांगण परिसर से गाजे-बाजे के साथ शुरू होगी, जो गांव के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः चारभुजा मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर शामिल होंगी।

दोपहर 12:15 बजे से बहेगी कथा की गंगाः कलश स्थापना के पश्चात् मन्दिर प्रांगण में निर्मित भव्य पांडाल में प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से 3:15 बजे तक कथा वाचन किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध कथावाचक हरिओम बनेठ वाले महाराज व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत की महिमा, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और ज्ञान-वैराग्य का सुमधुर गुणगान करेंगे। समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों से इस ज्ञान यज्ञ में पधारकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।



# राजस्थान दिवस समारोह के तहत निकली साइकिल रैली, पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** // जिला प्रशासन द्वारा 15 से 19 मार्च तक मनाए जा रहे राजस्थान दिवस समारोह की श्रृंखला में भीलवाड़ा साइकिल क्लब द्वारा रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल क्लब प्रभारी अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि रैली को एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, स्थाई लोक अदालत के न्यायिक सदस्य गोवर्धन सिंह कावड़िया, जिंदल ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट ललित मोहन गर्ग, जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत तथा नगर निगम के मुख्य सैनिटरी इंस्पेक्टर संजय खोखर की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर जिला कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया।]




रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुलिस लाइन पर संपन्न हुई। साइकिल रैली के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। "साईकल रैली का संदेश महान - स्वच्छ, सुंदर, खुशहाल मेरा राजस्थान" थीम पर निकाली गई इस रैली में प्रतिभागियों ने जागरूकता से जुड़े स्लोगन व नारे लगाए।

राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत आयोजित इस रैली में शहर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के साथ ही स्कूली बालकों की दौड़ का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली में नन्हे बालक विराग खटोड़ और अर्पित दाधीच की साइकिलिंग तथा रामचंद्र मुंदड़ा का राजस्थानी वेशभूषा में शामिल होना विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### इनकी रही सहभागिता

रैली में मुकेश सामरिया, सुरेश बम्ब, अरुण संतोष मुछाल, राजकुमार अजमेरा, संजय खोकर, प्रतीक ईनाणी, राकेश सक्सेना, जगन्नाथ सालवी, रामचंद्र मुंदड़ा, जन्मेजयदेवसिंह खंगारोत, डॉ. देवेंद्रपुरी गोस्वामी, लाजपत आचार्य, सत्यनारायण राठी, अजय सोनी, दिनेश भट्ट, विजय कपूर, गिरिराज प्रजापति, अशोक राठी, सुरेंद्र छीपा, हस्तीमल भलावत, श्रीमती निशा राजपूत, श्रीमती मोनिका गर्ग, डॉ. हेमेंद्र कौशिक, मुकेश कुमावत, कालूलाल सोनी, विराग खटोड़, कैलाश शर्मा, नक्षत्र कुमावत, कार्तिकेय कुमावत, धर्मेंद्र खटोड़, सोम शर्मा, अर्पित दाधीच और आदिरा दाधीच सहित कई साइकिल प्रेमियों की सहभागिता रही।

## जेवरात से भरा बैग चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

# राजकोप एप के फोटो मैच फिचर से मुख्य आरोपी की पहचान हुई, पुलिस ने दबोचा

▪ स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** । भीलवाडा की सुभाष नगर थाना पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड से हुई बेग सहित जेवरात चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी हुए 60 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किया है जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख रूपये है । पुलिस ने आरोपियों को राजकोप एप के फोटो मैच फिचर से पहचान कर गिरफ्तार किया । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा चोरी, नकबजनी व लूट की वारदातों के खिलाफ कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसके लिए एएसपी पारस मल जैन मुख्यालय के निर्देशन में एंव माधव उपाध्याय वृताधिकारी, वृत सदर के निकटतम सुपरविजन में और सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में बैग से जेवरात चोरी की वारदात का खुलासा किया गया ।

### यह था मामला

दिनांक 10.03.2026 को प्रार्थीया जीवणी देवी पत्नि ईश्वर गुर्जर उम्र 50 साल निवासी बीडा का खेडा थाना आसीन्द ने सुभाषनगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दी थी और बताया कि दिनांक 8.3.2026 को मै मेरे गांव से बस में बैठकर शादी में गांव बनका खेडा जाते समय रास्ते में भीलवाडा रोडवेज बस स्टेण्ड से उतर कर बस स्टेण्ड सरकारी के अन्दर बनका खेडा बस जाने वाली बस का इन्तजार कर रही थी। समय करीब 6 से 7 बजे के बीच की बात है एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीबन 30 साल जो मेरे पास आकर बैठ गया वह मेरे पास रखा एक बेग को चोरी कर ले गया। मेरे बैग मे मेरे पहनने के कपडे व सोने के जेवरात आधा तोला का बोर, डेढ तोला की नथ व रामनामी मांदलिया व सवा तीन तोला सोना की आईटम था जो कुल वजन करीबन 60 ग्राम सोना था। उक्त रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की ।

### गठित पुलिस टीम द्वारा किये प्रयास

टीम द्वारा आरोपी की तलाश की गई आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी करने हेतू टीम ने बस स्टेण्ड से चितौडगढ निम्बाहेडा तक करीबन 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चैक किये। डीटेन संदिग्ध आरोपी की राजकॉप एप्लीकेशन से फोटो मैच कराने पर पहचान हुई और मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उक्त वारदात करना स्वीकार किया। पूछताछ व अनुसंधान के अधार पर सहआरोपी महावीर सुवालका को गिरफ्तार कर दोनो आरोपीयो द्वारा चोरी किया गया शत प्रतिशत सामान की बरामदगी की गई दोनो आरोपियों जो पुलिस अभिरक्षा मे है से गहन पूछताछ जारी है।

### गठित पुलिस टीमः-

कैलाश कुमार विश्नोई थानाप्रभारी पुलिस थाना सुभाषनगर, प्रभाती लाल उनि, सतीश कुमार एचसी, निहार, अमर सिह शामिल थे ।

### यह दोनो हुए गिरफ्तार

शंभू कीर उर्फ अजय उर्फ किशन पिता भंवर लाल कीर उम्र 29 साल निवासी नैन पुरिया थाना नाथद्वारा जिला राजसमंद इस आरोपी पर सदर चित्तौडगढ़ थाने में भी एक मामला पहले से दर्ज है ।

दूसरा आरोपी है महावीर सुवालका पिता रामगोपाल सुवालका उम्र 38 साल निवासी शिवाजी नगर कांवाखेडा थाना कोतवाली भीलवाडा

# महेंद्र ओड हत्याकांड को लेकर ओड समाज का प्रदर्शन

## ओडो का खेड़ा में पुलिस चौकी खोलने, अवैध शराब बंद करने की और मुआवजे की मांग



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** // जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर ओड राजस्थान महासभा के बैनर तले बड़ी संख्या में ओड समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को तीन सूत्रीय मांगों का मांग पत्र सौपा हैं। जिसमें उन्होंने प्रमुख रूप से ओडो का खेड़ा में एक पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की हैं।

ओड राजस्थान महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रेम ओड ने कहा कि बीते दिनों भीलवाड़ा शहर के ओडो का खेड़ा में महेंद्र ओड की हत्या की गई थी इसको लेकर पूरा और समाज और सर्व समाज जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर पहुंचा है। हमने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया है जिसमें हमने प्रमुख रूप से ओडो का खेड़ा में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है इसके बाद पुलिस अधीक्षक में हमें आश्वात किया है की ओडो का खेड़ा में पुलिस चौकी स्थापित होगी इसके साथ ही हमने ओडो का खेड़ा में अवैध शराब की दुकानों को हटाने के भी मांग की है। और महेंद्र ओड की हत्या के आरोपियों को सजा दिलवाने और मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## चेटीचंड महापर्व पर सिंधी समाज के 72 शिक्षाविदों का सम्मान

# शिक्षक केवल समाज ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की अमूल्य धरोहर

▪ स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा**। शहर में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान वरूणदेव झूलेलाल साहब के अवतरण दिवस के प्रतीक चेटीचंड महापर्व के अंतर्गत चल रहे 10 दिवसीय आयोजन के पाँचवें दिन रविवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय स्टेशन चौराहा स्थित मशीनरी मार्केट के निकट सिंधी समाज के प्राचीनतम दादा हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर में समाज के 72 शिक्षाविदों एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कर्मियों को तिलक, पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों और स्वयंसेवी शिक्षकों का अभिनंदन कर उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, गुलाबपुरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष चेतन पेशवानी, विधायक अशोक कोठारी के कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टांक, मेवाड़ यूनिवर्सिटी के निदेशक हरीश गुरनानी, डॉ. गिरीश दत्ता, पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन हुंदल विधानी, प्रेस क्लब भीलवाड़ा के उपाध्यक्ष मूलचंद पेसवानी, प्रमुख व्यवसायी मनोहर बदलानी एवं वरिष्ठ समाजसेवी लालचंद नथरानी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति के महामंत्री हरीश कुमार सखरानी ने जानकारी दी कि इस अवसर पर समाज की कवयित्री कविता रामचंदानी द्वारा नारी शक्ति की महिमा पर आधारित पुस्तक "नारी तू नारायणी" का भी अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया। संस्थाध्यक्ष गुलशन कुमार विधानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा का प्रसार और संस्कारों का संवर्धन शिक्षकों के समर्पण से ही संभव है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सोनिया टहलानी, द्रोपदी सिंधी, खुशबू लालवानी, पदमा वाधवानी, राम नानकानी, स्वयंसेवी शिक्षक दिव्या खोतानी, दर्शना आडवानी, मधु तेजवानी, मेघा केवलानी, सुनीता नानकानी सहित भारतीय सिंधु सभा एवं मुस्कान फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षण गतिविधियों में योगदान देने वाले कई स्वयंसेवी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा और विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल टांक ने सिंधी समाज को पुरुषार्थ, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि समाज ने शिक्षा, व्यापार और सेवा के क्षेत्र में देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं और उनका सम्मान वास्तव में ज्ञान व संस्कारों का सम्मान है। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर टेऊंराम भगत, मंघाराम भगत, लाल भगत, कमल वैशनानी, मनोहर लालवानी, हरीश मानवानी, गंगाराम पेशवानी, राजेश माखीजा, तुलसी सखरानी, तुलसी नथरानी, सुरेश घबरानी, विनोद झुरानी, नाका रामसिंघानी, जितेंद्र रंगलानी सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## 'नवभारत साक्षरता' अभियान का शंखनादः 46 महिलाओं और 30 पुरुषों ने दी परीक्षा




▪ स्मार्ट हलचल

**बदनोर (भीलवाड़ा)**। क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय आनंदीपुरा (पाटन) में 15 मार्च 2026 को शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' (NILP) के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का गरिमामय आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्राधीक्षक हीरालाल गुर्जर एवं प्रधानाध्यापक जयराम गुर्जर के कुशल नेतृत्व एवं सूक्ष्म पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। उत्साहकावातावरणःबुजुर्गोंनेभीथामीकलम गाँव को पूर्ण साक्षर बनाने के संकल्प के साथ आयोजित इस परीक्षा में कुल 76 प्रौढ़ परीक्षार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाकर भाग लिया। शिक्षा के प्रति इस अलख की सबसे सुखद तस्वीर महिलाओं की भागीदारी रही, जहाँ 46 महिलाओं ने घूँघट की ओट से निकलकर अक्षरों की दुनिया में कदम रखा। वहीं 30 पुरुषों ने भी उत्साहपूर्वक परीक्षा देकर अपनी सीखने की ललक को साबित किया। परीक्षार्थियों ने न केवल अपना नाम लिखना सीखा, बल्कि बुनियादी गणितीय गणनाओं और अक्षर ज्ञान का भी परिचय दिया। टीम भावना से मिली सफलता इस महा-अभियान को धरातल पर सफल बनाने के लिए प्रभारी कमलेश शर्मा के साथ सह-प्रभारी दीपक पुनिया एवं प्रेम देवी ने सराहनीय भूमिका निभाई। इन प्रभारियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को साक्षरता के लाभ समझाए और उन्हें परीक्षा केंद्र तक लाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय स्टाफ की इस सक्रियता और समर्पण की पूरे पाटन क्षेत्र में चर्चा हो रही है। साक्षरता से आत्मनिर्भरता का संदेश प्रधानाध्यापक जयराम गुर्जर ने बताया कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि यह ग्रामीणों को बैंक के कार्यों, मोबाइल के उपयोग और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। केंद्राधीक्षक हीरालाल गुर्जर ने सभी सफल परीक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। ग्रामीणों ने विद्यालय के इस शैक्षणिक नवाचार की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इसे गाँव के विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

# प्रतिबंधित एप पर क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा की खाईवाली करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, 2 मोबाइल, कार और सट्टा राशि जप्त

▪ स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा** । भीलवाडा पुलिस ने प्रतिबंधित एप्लीकेशन साईट पर ऑन लाईन क्रिकेट मैच पर सट्टा की खाईवाली करने पर 2 आरोपी को गिरफ्तार कर 2 मामले दर्ज किए । सुभाषनगर थाना पुलिस ने आरोपियों से घटना मे प्रयुक्त 2 मोबाईल, वेन्यू कार व 5 हजार रूपये नगद सट्टा राशि जप्त की । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवैध जुआ-सट्टा खेल पर अंकुश लगाने हेतु एएसपी मुख्यालय पारस मल जैन के निर्देशन एंव सदर वृताधिकारी माधव उपाध्याय के निकटतम सुपरविजन में और सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में ऑनलाइन क्रिकेट मैच पर सट्टे की खाईवाली के विरुद्ध उक्त कार्यवाही की गई। पुलिस के मुताबिक 14.03.2025 को पुलिस थाना सुभाषनगर की 2 अलग-अलग टीम गठित कर प्रतिबंधित एप्लीकेशन साईट पर ऑनलाइन क्रिकेट मैच के दौरान मोबाईल इलेक्ट्रोनिक उपकरण के माध्यम से ऑनलाइन सट्टे बाजी कर समूह के रूप मे आपराधिकृत शर्त लगाकर रूपयो का दाव लगा खाईवाली करते 2 आरोपी को गिरफ्तार कर आईटी एक्ट का जूर्म पाया जाने पर मामला दर्ज किया गया। आरोपियों द्वारा ऑनलाइन Trubet9 AND DIMOND EXCH99 GOOGLE CHROME SITE पर दक्षिण अफ्रीका टी-20 क्रिकेट मैच व आस्ट्रेलिया एनसीएल वूमेन क्रिकेट मैच पर सट्टे की खाईवाली मोबाईल फोन मे करते हुए को पकड़ा गया। जिन्होने फोन पर यूपीआई पेमेंट के जरिए सट्टा राशि का लेन-देन कर रखा था । आरोपी मुकेश खटीक ने गोविंद डीडवानिया पिता सीताराम निवासी खटीक मोहल्ला भीलवाडा से व आरोपी नारायण वैष्णव ने रॉकी निवासी मध्यप्रदेश नाम के बुकी से आईडी ले रखी थी जिनको भी मामले मे नामजद किया गया। जिन्हे गिरफ्तार कर जांच की जाएगी । गठित पुलिस सीआई टीम कैलाश कुमार विश्नोई पुलिस थाना सुभाषनगर भीलवाडा, मदन लाल सउनि पुलिस थाना सुभाषनगर भीलवाडा, पृथ्वीराज सउनि पुलिस थाना सुभाषनगर भीलवाडा, सुरेन्द्र, बबलू, निहार, कैलाश, उगमाराम शामिल थे ।

### गिरफ्तार आरोपी

मुकेश पुत्र बालूलाल खटीक उम्र 37 साल निवासी रामदेवरी सांगानेर थाना सुभाषनगर भीलवाडा

नारायण वैष्णव पिता राधेश्याम वैष्णव निवासी ई 326 आजाद नगर थाना प्रतापनगर भीलवाडा

# विधायक आक्या द्वारा सरकारी अधिकारी से अति निम्न स्तर की गाली गलौज व मारपीट की धमकी देना बेहद निंदनीयः जाडावत



▪ स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा**। चित्तौड़गढ़ विधायक व आरटीओ अधिकारी के ओडियो रिकॉर्डिंग वायरल पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत ने कहा कि हाल ही में वायरल ओडियो रिकॉर्डिंग में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह एक आरटीओ अधिकारी के साथ फ़ोन पर माँ, बहन की गाली गलौज कर रहे हैं साथ स्वयं व सहयोगी द्वारा मारने पीटने की धमकी भी दे रहे है। अधिकारी ने जो विधायक की मशीन परिवहन का चालान बनाया उसको लेकर धमकाया जा रहा है। ब्राह्मण समाज के व्यक्ति सुशील कुमार उपाध्याय पर स्वयं के चालान को भरवाने का दबाव बनाया जा हैं निसंदेह जिस प्रकार की ओडियो वायरल हुई है उससे अधिकारी उपाध्याय की जान को खतरा बना हुआ है, सरकार में क़ानून व्यवस्था पर गहरा प्रहार है, विधायक क़ानून से ऊपर नहीं नियमानुसार कार्रवाई में क़ानून सबके लिए बराबर हैं चाहे विधायक हों या आम आदमी। सत्ता के मद व व्यापार की भूख में विधायक स्वयं के चालान बनने से तिलमिला गये जबकि जनता की कोई सूध लेने वाला कोई नहीं है।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि ओडियो तो एक आया उसके अलावा भी विधायक के द्वारा अपने व्यवसाय के लिये ऐसे अधिकारी कर्मचारियों के साथ आए दिन के किस्से हैं जो सबके सामने नही आ पाते। आज अधिकारी सुशील कुमार ने बेबाक़ी से बात की व विधायक की करतूत सबके सामने लाए उन्होंने पुलिस विभाग से भी आग्रह किया कि अधिकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# कोटा पुलिस की बड़ी सफलताः 36 लाख की डकैती का मास्टरमाइंड महेश गिरफ्तार, साबरमती जेल से पैरोल पर था फरार

▪ स्मार्ट हलचल

### वर्दी पहनकर की थी लूट; कोटा पुलिस का 25 हजार और गुजरात पुलिस का 5 हजार का इनामी बदमाश उदयपुर से दबोचा

**जयपुर** 15 मार्च। कोटा शहर पुलिस ने टीचर्स कॉलोनी गुमानपुरा में हुई चर्चित 36 लाख रुपये की डकैती के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी महेश को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी न केवल कोटा पुलिस का 25 हजार रुपये का इनामी था, बल्कि वह गुजरात की साबरमती जेल से पैरोल मिलने के बाद फरार चल रहा था, जिस पर गुजरात पुलिस ने भी 5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।



### नकली पुलिस बनकर दिया था वारदात को अंजाम

जिला एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि घटना 25 नवम्बर 2024 की है, जब गुजरात निवासी विशाल भाई टीचर्स कॉलोनी स्थित अपने कमरे पर थे। शाम करीब 4:15 बजे तीन बदमाश वहां पहुँचे, जिनमें से दो बदमाशों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। उन्होंने विशाल को ड्रग्स बेचने के झूठे आरोप में धमकाया और कमरे की तलाशी के बहाने अलमारी में रखा 36 लाख रुपये की नकदी से भरा बैग लूट लिया। बदमाश पीड़ित को अपनी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में बिठाकर रावतभाटा रोड तक ले गए और वहां छोड़कर फरार हो गए।

### साबरमती जेल का पैरोल अपराधी निकला डकैत एसपी गौतम ने बताया कि गिरफ्तार

अभियुक्त महेश (31) निवासी सागवाड़ा डूंगरपुर एक शातिर अपराधी है। वह एनडीपीएस एक्ट के मामले में साबरमती कारागृह, गुजरात में न्यायिक अभिरक्षा में था। पैरोल पर बाहर आने के बाद उसने वापस जेल जाने के बजाय कोटा में इस बड़ी डकैती की साजिश रची और फरार हो गया।

गुमानपुरा थानाधिकारी महेश कुमार और साइबर सेल यूनिट कोटा की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और अथक प्रयासों के बाद आरोपी का पीछा किया। अंततः रविवार 15 मार्च की रात को पुलिस टीम ने उसे उदयपुर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में चार अन्य आरोपियों संजीव उर्फ शेरा, अमित भाई, राहुल गुप्ता और कमलजीत को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

कार्रवाई करने वाली विशेष टीम में गुमानपुरा थाना से एसएचओ महेश कुमार, हेड कांस्टेबल योगेन्द्र, कांस्टेबल करतार सिंह और साइबर क्राइम यूनिट से एएसआई अजय, कांस्टेबल अशोक कुमार और सुनील चन्देल शामिल थे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# जौहर की ज्वालाएं सदियों तक स्वाभिमान को प्रज्वलित करती रहेंगी:यूपी सीएम

## नारी सम्मान पर समझौता नहीं, अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस : योगी आदित्यनाथ



▪ स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** जौहर श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरता, त्याग और स्वाभिमान की प्रतीक चित्तौड़गढ़ दुर्ग की पावन भूमि को नमन करते हुए जौहर की ज्वालाओं में सर्वस्व समर्पित करने वाली वीरांगनाओं को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म, मर्यादा और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाली इन वीरांगनाओं की स्मृति इतिहास में अद्वितीय है और ऐसा उदाहरण पूरे विश्व में मिलना कठिन है। त्याग और बलिदान की परंपरा क्या होती है, यह चित्तौड़ दुर्ग से सीखा जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम बहन-बेटियों की सुरक्षा और सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं कर सकते और उत्तर प्रदेश इसका उदाहरण है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ तथा नारी गरिमा और सुरक्षा के प्रति वहां जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है, जिससे अराजक तत्वों को कानून के दायरे में रहना सीखना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि यदि हम जाति-पांति में बंटेंगे तो देश को कमजोर करने वाली ताकतों को ही मजबूत करेंगे। भारत की संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करने वाले राष्ट्रप्रेमी नहीं हो सकते, यह हमें समझना होगा। सनातन की मर्यादा सदैव अमर है और हमारी इस अमर परंपरा पर कोई उंगली नहीं उठा सकता।

योगी ने कहा कि 1303 में इस दुर्ग से उठी जौहर की ज्वालाएं शाश्वत हैं और आने वाली सदियों तक हमारे स्वाभिमान को प्रज्ज्वलित करती रहेंगी। जौहर श्रद्धांजलि समारोह सत्ता या साम्राज्य के संघर्ष का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, नारी सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। यह केवल इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि इतिहास रचने वाली इस धरती का साक्षात्कार है। यह कार्यक्रम इस बात का भी संदेश देता है कि भविष्य में किसी भी बहन या बेटी को उस दौर से गुजरना न पड़े और हर बेटी को सुरक्षा व सम्मान की गारंटी मिले।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और गौरवमयी विरासत को संभालना हमारी जिम्मेदारी है। इतिहास किसी एक जाति या समुदाय का नहीं, बल्कि हम सभी का है। यदि हम अपने पूर्वजों की विरासत को सुरक्षित नहीं रख पाए तो यह हम पर प्रश्नचिह्न होगा। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों को इतिहास की दृष्टि से देखा जाना चाहिए, मनोरंजन की दृष्टि से नहीं। इतिहास हमें पूर्वावलोकन का अवसर देता है।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग भारत के स्वाभिमान, अस्मिता और अदम्य जिजीविषा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि युनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होने के कारण यहां विकास कार्यों की कुछ सीमाएं हैं, लेकिन प्रयास है कि यहां आने वाले पर्यटक राष्ट्रप्रेम, गौरव और गर्व की भावना के साथ लौटें। इसके लिए दुर्ग में एक्सपीरियंस सेंटर स्थापित करने की पहल प्रस्तावित है।

विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि चित्तौड़गढ़ की सांस्कृतिक और शौर्य परंपरा को जौहर श्रद्धांजलि समारोह में सर्व समाज की भागीदारी से नई व्यापकता मिली है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह बदनौर द्वारा लिखित पुस्तक "जयमल वंश प्रकाश" का अतिथियों ने विमोचन किया। समारोह में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, सहकारिता राज्यमंत्री गौतम दक, विधायक श्रीचन्द कृपलानी, अर्जुनलाल जीनगर, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

जौहर स्मृति संस्थान के अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह विजयपुर ने अतिथियों का स्वागत किया तथा महामंत्री तेजपाल सिंह शक्तावत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड पर पहुंचे, जहां राज्यमंत्री गौतम दक, सांसद सी.पी.जोशी, विधायक चन्द्रभान सिंह आक्यां, श्रीचन्द कृपलानी, अर्जुनलाल जीनगर, अशोक कोठारी, वीरेन्द्र सिंह कानावत, दिलीप सिंह परिहार सहित जिला कलेक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने उनकी अगवानी की।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी दुर्ग स्थित जौहर स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर यज्ञ में आहुति दी। उन्होंने कालिका माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की समृद्धि की कामना भी की।

# निवाई कृषि मण्डी में 'फर्जी पुलिस चौकी' का खेल!"-जांच ठंडे बस्ते में




▪ स्मार्ट हलचल

### सरकारी अफसर पर ही बड़ा आरोप-किसानों को डराने के लिए मंडी परिसर में लिखवा दिया 'पुलिस चौकी'

**टोंक** । राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सुशासन व जीरो टॉलरेंस नीति के दावों के बीच टोंक जिले की निवाई कृषि उपज मंडी से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि मंडी में पदस्थ मंडी सचिव ने बिना किसी आधिकारिक स्वीकृति के मंडी परिसर में "फर्जी पुलिस चौकी" ही बनवा दी। किसान महापंचायत राजस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि निवाई कृषि उपज मंडी परिसर में बने पुराने जनरेटर रूम पर मण्डी सचिव व समिति द्वारा पेंट करवा कर नियम विरूद्ध "पुलिस चौकी" लिखवा दिया गया, जबकि पुलिस विभाग से मिली जानकारी व आरटीआई से प्राप्त सूचना के मुताबिक निवाई कृषि उपज मंडी में किसी भी प्रकार की पुलिस चौकी स्वीकृत नहीं है।

### मण्डी सचिव के भांजे के नाम टेंडर-लाखों का भुगतान

मामले को और गंभीर बनाता है यह आरोप कि मंडी सचिव ने अपने ही भांजे के नाम से टेंडर स्वीकृत करवाया और इस तथाकथित पुलिस चौकी के नाम पर करीब एक लाख रुपये का भुगतान भी उठा लिया गया। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला सरकारी धन के दुरुपयोग और पद के दुरुपयोग का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है।

### किसानों को डराने का हथकंडा?

किसान संगठनों का आरोप है कि मंडी में जब किसान अपनी फसल बेचने आते हैं और दाम को लेकर व्यापारियों से विवाद होता है, तब इस कथित पुलिस चौकी का इस्तेमाल किसानों को डराने-धमकाने के लिए किया जाता है। किसान प्रतिनिधियों का कहना है कि मंडी सचिव व्यापारियों से मिलीभगत कर कृषि जिंसों के कम दाम लगवाते हैं, और जब किसान इसका विरोध करते हैं तो उन्हें दबाने के लिए फर्जी पुलिस चौकी का माहौल बनाया जाता है।

### शिकायतें हुईं-कार्रवाई अब तक नहीं

किसान संगठनों के मुताबिक इस पूरे मामले की शिकायत जिला प्रशासन, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव तक कई बार की जा चुकी है। इसके बावजूद न तो फर्जी पुलिस चौकी हटाई गई और न ही आरोपित मंडी सचिव के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई।

### आंदोलन की चेतावनी

किसान संगठनों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपित मंडी सचिव को निलंबित नहीं किया गया और फर्जी पुलिस चौकी को बंद नहीं किया गया तो किसान बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़े सवाल

पूरा मामला कई गंभीर सवाल खड़े करता है— क्या कोई सरकारी अधिकारी अपने स्तर पर पुलिस चौकी घोषित कर सकता है?, सरकारी राशि का भुगतान किस आधार पर हुआ? और शिकायतों के बावजूद प्रशासन अब तक मौन क्यों है?

# सरकारी शिक्षक को पीटकर नग्न हालत में श्मशान में फेंकने का मामला: हाईकोर्ट सख्त,

## अलीगढ़ थानाधिकारी तलब-17 मार्च को कोर्ट में देना होगा जवाब-मेडिकल रिपोर्ट में अस्पष्टता और जांच की धीमी रफ्तार पर अदालत नाराज

▪ स्मार्ट हलचल

### - कोर्ट के सख्त रुख के बाद हरकत में आई पुलिस-पीड़ित शिक्षक का पुलिस ने चोरू पीएचसी में कराया मेडिकल, - तीन आरोपी अब भी फरार-एक आरोपी का नाम जांच से हटाने पर उठे गंभीर सवाल

**टोंक**/अलीगढ़। उनियारा सर्किल के अलीगढ़ थाना क्षेत्र के बराना गांव के श्मशान घाट में सरकारी शिक्षक के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने और नग्न हालत में श्मशान घाट में फेंकने के अमानवीय और सनसनीखेज मामले में राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ ने पुलिस जांच पर कड़ा रुख अपनाया है। 4 अक्टूबर 2025 की रात हुए इस हमले के बाद दर्ज प्रकरण संख्या 151/2025 की जांच में ढिलाई, मेडिकल रिपोर्ट में अस्पष्टता और आरोपियों की गिरफ्तारी में सुस्ती को लेकर अदालत ने गंभीर नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने अलीगढ़ थानाधिकारी राजकुमार चौधरी को व्यक्तिगत रूप से 17 मार्च 2026 को अदालत में उपस्थित होकर जांच की स्थिति पर जवाब देने के आदेश दिए हैं। यह निर्देश न्यायमूर्ति प्रमिल कुमार माथुर की एकलपीठ ने उस समय दिए जब आरोपियों राकेश मीणा और सांवलराम मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवादी पक्ष के अधिवक्ता लाखन सिंह मीणा ने अदालत के सामने पुलिस जांच पर गंभीर सवाल उठाए।



### मेडिकल रिपोर्ट पर कोर्ट की सख्त टिप्पणी

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि पीड़ित श्योदास मीणा (सरकारी शिक्षक) निवासी अलीमपुरा को गंभीर चोटें आई हैं और मामले को जानलेवा हमला बताया गया है, लेकिन रिकॉर्ड पर ऐसी स्पष्ट मेडिकल राय पेश नहीं की गई, जिससे यह तय हो सके कि चोटें वास्तव में जानलेवा श्रेणी की हैं या नहीं। अदालत ने बीएनएसएस की धारा 109 के तहत स्पष्ट मेडिकल राय प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के कड़े सख्त रुख के बाद अलीगढ़ थाना पुलिस ने पीड़ित शिक्षक का एम्बुलेंस में लाकर 15 मार्च रविवार को चोरू कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पुनः मेडिकल मुआयना करवाया। यह मेडिकल चिकित्सा अधिकारी डॉ. निखिल शर्मा द्वारा किया गया, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट 17 मार्च मंगलवार को हाईकोर्ट में पेश की जाएगी।

### जांच में पक्षपात के आरोप

मामले में अलीगढ़ थाना पुलिस के तत्कालीन जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक भंवरलाल मीणा द्वारा की गई पुलिस जांच को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि प्रारंभिक जांच में चार आरोपियों के नाम सामने आए थे, लेकिन बाद में कथित सांठगांठ के चलते विजेंद्र मीणा निवासी अलीमपुरा का नाम जांच से हटा दिया गया।वहीं अब तक पुलिस केवल एक आरोपी राकेश मीणा को ही गिरफ्तार कर पाई है। जबकि अन्य आरोपी सांवलराम मीणा व धारासिंह मीणा निवासी बराना अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। वहीं पीड़ित शिक्षक पक्ष का आरोप हैं कि वर्तमान जांच अधिकारी थानाधिकारी राजकुमार चौधरी (पुलिस निरीक्षक) द्वारा भी जांच में ढिलाई देकर आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया इनाम-फिर भी गिरफ्तारी नहीं

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक टोंक द्वारा दोनों आरोपियों पर अलग-अलग 5-5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यप्रणाली और जांच की गंभीरता पर सवाल खड़े कर रहा है।

### कोर्ट के आदेश के बाद ही हरकत में आई पुलिस

हाईकोर्ट द्वारा जांच अधिकारी थानाधिकारी अलीगढ़ राजकुमार चौधरी को तलब करने के आदेश के बाद ही पुलिस की सक्रियता दिखाई दी। अलीगढ़ थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक भंवरलाल मीणा ने पीड़ित शिक्षक का चोरू पीएचसी में चोटों की गंभीरता को लेकर कोर्ट के निर्देशों की पालना में मेडिकल मुआयना करवाया, ताकि अदालत में स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके।

### अब 17 मार्च की सुनवाई पर टिकी निगाहें

अब 17 मार्च को जयपुर हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। अदालत के सामने अलीगढ़ थानाधिकारी राजकुमार चौधरी को स्वयं उपस्थित होकर जांच की प्रगति, मेडिकल रिपोर्ट, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर विस्तृत जवाब देना होगा। यह पूरा मामला एक बार फिर गंभीर आपराधिक मामलों में पुलिस जांच की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

## भीलवाड़ा शहर में माहौल बिगाड़ने का प्रयास

# असामाजिक तत्वों ने एक दर्जन मकानों की छत पर पत्थर बरसाए, मचा हड़कंप



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । वस्त्रनगरी में लंबे अरसे से व्याप्त शांति में कुछ असामजिक तत्वों ने सेंध लगाने का प्रयास किया है । रविवार रात शास्त्री नगर इलाके के भोपाल पूरा रोड पर खेड़ा कूट माता जी मंदिर के पास करीब एक दर्जन मकानों की छत पर अज्ञात लोगों ने पत्थर बरसाए जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया वही पत्थरबाजी की घटना से लोगो में दहशत व्याप्त हो गई । लोग अपने घरों से बाहर निकल आए जैसे ही खबर क्षेत्र में फैली लोगो की भीड़ जुटने लगी वही हिंदू संगठन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी । सूचना पर कोतवाल शिवराज गुर्जर मय टीम मौके पर पहुंचे पुलिस अज्ञात लोगों की जानकारी जुटाने में जुट गई क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले । थानाप्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया की स्थानीय लोगो से सूचना मिली की सीमेंट से बनाए हुए पत्थर क्षेत्र में एक दर्जन मकानों की छत पर अज्ञात लोगों ने बरसाए। पत्थरबाजी करने वाले असामाजिक तत्व कौन है और पत्थर क्यू फेंके इसकी जांच की जा रही है और अज्ञात पत्थरबाजों का पता लगाया जा रहा है ।

### सफाई के नाम पर नाली तोड़ी, मरम्मत भूल गई नगर पालिका

# खड्डा बना मुसीबत का दरवाजा: सिंधी कॉलोनी के मुहाने पर टूटी नाली से लोगों की राह मुश्किल

▪ स्मार्ट हलचल

### संपर्क पोर्टल पर "समाधान" की रिपोर्ट, जमीन पर जस का तस गड्ढा जनता में रोष-विकास शुल्क लेते हैं, सड़क ठीक कराने वाला कोई नहीं



**शाहपुरा।** नगर पालिका शाहपुरा की कार्यप्रणाली कई बार सवालों के घेरे में आ जाती है, लेकिन शाहपुरा की सिंधी कॉलोनी के मुहाने पर भाणा गणेश से खान्या का बालाजी रोड पर जो नजारा दिखाई दे रहा है, वह तो मानो लापरवाही की खुली कहानी बयान कर रहा है। यहां सड़क पर बना एक बड़ा खड्डा न केवल नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है, बल्कि कॉलोनी में आने-जाने वाले लोगों के लिए रोज़ाना की परेशानी भी बन गया है। कहने को यह सिर्फ एक खड्डा है, लेकिन असल में यह खड्डा पूरे इलाके के लोगों की मुश्किलों का गवाह बन चुका है। सिंधी कॉलोनी में प्रवेश करने वाले नागरिक जब इस रास्ते से गुजरते हैं तो उन्हें अपने कदम संभालकर रखने पड़ते हैं। बरसात हो या अंधेरा, यह गड्ढा किसी भी वक्त दुर्घटना को न्योता दे सकता है। दरअसल कुछ माह पहले नाले में कचरा फंस जाने के कारण नगर पालिका के सफाई कार्मिक यहां पहुंचे थे। सफाई के दौरान जेसीबी मशीन की मदद से नाले में जमा कचरा तो निकाल दिया गया, लेकिन इस प्रक्रिया में नाली को ढकने वाले सभी कंक्रीट कवर भी तोड़ दिये गये। कचरा साफ होने के बाद सफाई दल तो चला गया, मगर टूटी नाली और सड़क पर बना खड्डा वहीं का वहीं छोड़ दिया गया। नियमों के अनुसार ऐसी स्थिति में सफाई कार्मिकों को इसकी सूचना नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण शाखा को देनी चाहिए थी, ताकि टूटे हिस्से की मरम्मत करवाई जा सके। लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर यह जिम्मेदारी निभाने की जहमत कौन उठाए? नतीजा यह हुआ कि काम अधूरा छोड़ दिया गया और परेशानी जनता के हिस्से आ गई। सबसे दिलचस्प और चिंताजनक बात यह है कि वर्तमान में नगर पालिका में बोर्ड भी नहीं है, जिससे जनप्रतिनिधियों की आवाज़ भी प्रभावी तरीके से नहीं उठ पा रही। क्षेत्र के लोगों ने हिम्मत कर शिकायत भी दर्ज करवाई, लेकिन उनका कहना है कि अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, राजस्थान सरकार के संपर्क पोर्टल पर भी इस समस्या को लेकर एक बार नहीं बल्कि तीन-तीन बार शिकायत दर्ज करवाई गई। मगर वहां से जो जवाब मिला, उसने लोगों को और भी हैरान कर दिया। पोर्टल पर संदेश आया कि संबंधित विभाग ने समस्या का समाधान कर दिया है। जबकि हकीकत यह है कि खड्डा आज भी उसी जगह मुंह बाए खड़ा है। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से समस्याओं के त्वरित समाधान का दावा करते हैं, वहीं शाहपुरा नगर पालिका की कार्यशैली इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। अगर समस्या का समाधान हो चुका है तो फिर यह खड्डा आखिर किस चमत्कार से बना हुआ है? स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि नगर पालिका विकास शुल्क के नाम पर लाखों रुपये तो वसूल करती है, लेकिन यदि एक छोटे से खड्डे की मरम्मत भी समय पर नहीं करवा पाती तो फिर ऐसी व्यवस्था का क्या मतलब? लोगों का कहना है कि सब कुछ राम भरोसे चल रहा है। अब क्षेत्रवासियों की उम्मीदें शाहपुरा विधायक से जुड़ गई हैं। लोगों का कहना है कि विधायक को स्वयं मौके पर पहुंचकर इस स्थिति को देखना चाहिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर इस समस्या का स्थायी समाधान करवाना चाहिए, ताकि कॉलोनी के लोगों को राहत मिल सके।

# शिकायत के बाद हरकत में आया प्रशासन, बायतु में बंद पड़ी रोड़ लाइटें दुरुस्त करने में जुटी हाईवे टीम

▪ स्मार्ट हलचल




**बायतु।** बायतु क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ी रोड़ लाइटों की समस्या को लेकर की गई शिकायत के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईवे विभाग की टीम पिछले दो दिनों से लगातार बायतु पहुंचकर राष्ट्रीय राजमार्ग-25 पर खराब पड़ी रोड़ लाइटों को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से कई स्थानों पर रोड़ लाइटें बंद पड़ी थीं, जिसके कारण रात के समय राहगीरों, वाहन चालकों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इस समस्या को लेकर खीयाराम पालीवाल द्वारा दो दिन पूर्व हाईवे विभाग एवं जिला प्रशासन को अवगत करवाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई थी।

शिकायत के बाद हाईवे विभाग ने तुरंत संज्ञान लेते हुए तकनीकी टीम को मौके पर भेजा। टीम द्वारा एनएच-25 पर लगे विद्युत पोलों की जांच कर खराब पड़ी रोड़ लाइटों को ठीक करने तथा नई फिटिंग लगाने का कार्य किया जा रहा है। कई स्थानों पर रोड़ लाइटों को दुरुस्त कर चालू भी कर दिया गया है, जबकि शेष स्थानों पर मरम्मत का कार्य जारी है।

हाईवे विभाग के कर्मचारियों के अनुसार बायतु उपखंड मुख्यालय क्षेत्र में बंद पड़ी अधिकांश रोड़ लाइटों को एक-दो दिनों के भीतर ठीक कर पुनः चालू कर दिया जाएगा। रोड़ लाइटें शुरू होने के बाद रात के समय आवागमन करने वाले वाहन चालकों व आमजन को काफी राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

**इनका कहना:**

खीयाराम पालीवाल ने बताया कि बायतु में लंबे समय से एनएच-25 पर कई रोड़ लाइटें बंद पड़ी थीं, जिससे रात के समय अंधेरा छाया रहता था और राहगीरों को काफी परेशानी होती थी। इस समस्या को लेकर उन्होंने हाईवे विभाग व जिला प्रशासन को अवगत करवाया था, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रोड़ लाइटों को ठीक करने का कार्य कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी बंद पड़ी रोड़ लाइटें चालू हो जाएंगी, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

# युवाओं की प्रेरणा, सेवा की मिसाल : तेजतर्रार आईपीएस ज्येष्ठा मैत्रेयी संभालेंगी बांसवाड़ा की कमान

▪ स्मार्ट हलचल

### गुना की बेटी से यूथ आइकन तक का सफर

**बांसवाड़ा /** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी 2018 बैच की तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी ज्येष्ठा मैत्रेयी गुरुवार को बांसवाड़ा जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगी। ज्ञान, संवेदनशीलता और सेवा की भावना से भरी ज्येष्ठा का व्यक्तित्व एक सख्त पुलिस अधिकारी के साथ-साथ एक मार्गदर्शक और प्रेरक का भी है।

मध्यप्रदेश के गुना जिले के बिजली बोर्ड में कार्यरत गिरीश चंद्र आर्य व स्कूल प्राचार्य मंजू देवी के घर जन्मी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बचपन से ही सनातन संस्कारों और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाया। परिवार से मिले इन्हीं संस्कारों ने उन्हें ईमानदारी, संवेदनशीलता और समाज सेवा की राह पर आगे बढ़ाया। अपने नाम के अनुरूप वे विदुषी, विचारशील और कर्मनिष्ठ अधिकारी के रूप में जानी जाती हैं।




### युवाओं को दिशा देने का जज्बा

एक ही अटेम्प्ट में आईपीएस बनने के बाद भी ज्येष्ठा ने खुद को केवल प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित नहीं रखा। वे देशभर में यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक बन चुकी हैं। दिल्ली के कई स्तरीय कोचिंग संस्थानों और शैक्षणिक मंचों पर अपने व्याख्यानों के माध्यम से उन्होंने हजारों युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी का रास्ता दिखाया है। उनके लेक्चर केवल परीक्षा की रणनीति तक सीमित नहीं होते, बल्कि उनमें संघर्ष, अनुशासन, आत्मविश्वास और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी होता है। यही वजह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के बीच वे एक आइकन बन चुकी हैं।

### वर्दी में संवेदना और सेवा का भाव

पुलिस मुख्यालय में सीआईडी सीबी से स्थानांतरित होकर आई ज्येष्ठा एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपराधों की रोकथाम, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान है।

### डीजीपी के विज़न को पूरा करेंगी :

वे पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के विजन के अनुरूप नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, ताकि अपराध पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। इसके साथ ही नशामुक्ति अभियान, सामाजिक जागरूकता और पुलिस परिवार के कल्याण जैसे विषयों पर भी उनका विशेष ध्यान रहता है। राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताओं को पूरा करना उनका लक्ष्य है।

### जनसंवाद से सुरक्षा तक:

बांसवाड़ा पुलिस का नया विज़न ज्येष्ठा ने स्पष्ट किया है कि आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं को समझना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच भरोसा बढ़ाना तथा सुरक्षा का भाव मजबूत करना जरूरी है। इसके लिए प्रभावी सम्पर्क तंत्र विकसित किया जाएगा और प्रत्येक पुलिसकर्मी को उसी अनुरूप संवेदनशील व जवाबदेह बनाते हुए सेवा के लिए तैयार किया जाएगा, ताकि आमजन को त्वरित और भरोसेमंद पुलिस सहायता मिल सके।

### जनजातीय अंचल के युवाओं को मिलेगा मार्गदर्शन

अब जब ज्येष्ठा मैत्रेयी बांसवाड़ा जिले की कमान संभालने जा रही हैं, तो उनके सामने एक नई जिम्मेदारी और अवसर दोनों हैं। जनजातीय अंचल के इस जिले में वे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने और मार्गदर्शन देने की योजना बना रही हैं। उनका मानना है कि देश के दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल सही दिशा और अवसर की। वे युवाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला देने की कोशिश करेंगी।

### पुलिस और जनता के बीच भरोसे का सेतु

ज्येष्ठा मैत्रेयी का मानना है कि पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास का रिश्ता जितना मजबूत होगा, समाज उतना ही सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनेगा। इसी सोच के साथ वे जिले की अंतिम सीमा के रहवासियों व आमजन से सीधा संवाद बढ़ाने, उनकी समस्याएं सुनने और त्वरित समाधान देने की दिशा में काम करने की तैयारी कर रही हैं।

### प्रेरणा की एक जीवंत कहानी

ज्येष्ठा मैत्रेयी की यात्रा केवल एक प्रशासनिक अधिकारी बनने की कहानी नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, संस्कार और सेवा के मूल्यों से सजी एक प्रेरणादायक कहानी है। वर्दी की सख्ती के पीछे एक संवेदनशील हृदय और समाज के लिए कुछ बेहतर करने का संकल्प—यही उन्हें खास बनाता है। आज वे सिर्फ एक आईपीएस अधिकारी नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के सपनों को दिशा देने वाली एक जीवंत प्रेरणा बन चुकी हैं।

# भाजपा का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर हुवा सम्पन्न



▪ स्मार्ट हलचल

**माण्डलगढ़** :- भाजपा नगर मण्डल द्वारा आयोजित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान भक्त निवास मे सम्पन्न हुवा। समापन्न सत्र मे अध्यक्षता गोपाल खण्डेलवाल ने की तथा कहा कि प्रशिक्षण लेकर चुनाव में जाना है और आने वाला चुनाव कार्यकर्ताओं का है तथा भीलवाड़ा नगर निगम के महापौर राकेश पाठक ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता विचार और राष्ट्र के लिये कार्य करता है। प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सांय 5 बजे प्रारम्भ हुवा जो रविवार शाम को सम्पन्न हुवा। प्रशिक्षण महाअभियान मे कुल 7 सत्र सम्पन्न हुवे जिसमे मंजू चेचाणी,कुलदीप शर्मा,भगवत सिंह खैराबाद,नन्द लाल गुर्जर,राजेश सेन,अजय नॉलखा,ने अलग अलग विषयो पर सत्र लिया।

अन्य सत्रो मे मण्डल अध्यक्ष अशोक जीनगर के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अध्यक्षता की तथा वर्ग का संचालन वर्ग प्रभारी जमना लाल सेन ने किया।

प्रत्येक सत्र मे वर्ग गीत अरविन्द कुमार वैष्णव ने कराया तथा आभार मण्डल महामन्त्री मुकेश व्यास ने दिया। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर मे विधानसभा संयोजक अनिल पारीक,पूर्व चेयरमैन भंवर लाल स्वर्णकार,विनोद ओस्तवाल,पूर्व मंडी चेयरमैन रतन लाल खटीक,पूर्व मण्डल अध्यक्ष अर्जुन कुमार ब्रह्मभट्ट,वरिष्ठ कार्यकर्ता गोरधन सिंह सिसोदिया ,नारायण लाल वर्मा,हीरा लाल जैन, घनश्याम सोलंकी,मनोज आंचलिया,सतीश खण्डेलवाल,मुकेश सोनी, योगेश चंदनानी,सीता देवी धोबी,भवानीशंकर माली,नन्द लाल छिपा,रमेश वैष्णव,राकेश ओस्तवाल, अनिता सुराणा,लादू लाल खटीक, मनोज सनाढ्य,राकेश ओस्तवाल,गोविन्द सोनी,सुन्दर ब्रह्मभट्ट,प्यार चंद सालवी,आलोक केलानी,भंवर रेगर,रमेश वैष्णव, रोशन साहू, महावीर सेन,रमेश सुथार,घनश्याम सोनी,बहादुर सिंह,उदय लाल तेली,दिलीप ब्रह्मभट्ट, जगदीश चौहान,जगदीश वैष्णव, भेरू लाल सालवी,अशोक लखारा,भगवती लाल तम्बोली,सांवरिया गट्टानी,कपिल सोनी,नवीन लक्षकार,अनुराग पाराशर अनिल मारू, रमेश तम्बोली,संजय पटवा,अतुल वैष्णव,रोशन सिंह मारू,नरेन्द्र हाड़ा, नारायण सोनी,प्रदीप पोरवाल,किशन नायक,दीपक जीनगर,किशन ब्रह्मभट्ट सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नव साक्षर महिलाओं में दिखा गजब का उत्साह: मंगल गीत गाते हुए परीक्षा देने पहुंचीं, कुमकुम तिलक लगाकर हुआ स्वागत

## फसल कटाई के बावजूद बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में दिखा शत-प्रतिशत लक्ष्य; काछोला सहित ब्लॉक के 33 केंद्रों पर 3300 परीक्षार्थियों का था लक्ष्य

▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा**। नगर पालिका शाहपुरा की काछोला (स्मार्ट हलचल)। उम्र चाहे जो भी हो, सीखने की ललक और साक्षर होने का उत्साह किसी भी बाधा को पार कर सकता है। रविवार, 15 मार्च को काछोला सहित आसपास के क्षेत्रों में आयोजित 'बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा' (उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम) में ऐसा ही अनूठा और प्रेरक नजारा देखने को मिला। फसल कटाई का व्यस्त समय होने के बावजूद नव साक्षर महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। ग्रामीण परिवेश की ये महिलाएं मंगल गीत और लोकगीत गाते हुए परीक्षा केंद्रों पर पहुंचीं, जहां उनका कुमकुम तिलक लगाकर और तिरंगा पट्टी ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया।



**ब्लॉक में बनाए गए 33 परीक्षा केंद्र:**

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) कल्पना शर्मा और प्रभारी अधिकारी डॉ. बनवारी लाल जीनगर ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर करने के इस अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर सभी पीईईओ (PEEO) केंद्रों पर 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 66 वीक्षक व अन्य कार्मिक लगाए गए। ब्लॉक में कुल 3300 नव साक्षरों को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। मॉनिटरिंग के लिए स्थापित कंट्रोल रूम का प्रभार ब्लॉक समन्वयक विनोद कुमार कोली और वरिष्ठ सहायक विष्णु कुमार पोरवाल को सौंपा गया। तिलक लगाकर बांटी



**प्रश्न-उत्तर पुस्तिकाएं:**

काछोला, सरथला, राजगढ़, थलकलां, और जस्सूजी का खेड़ा सहित विभिन्न पीईईओ केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने अपनी सुविधानुसार आकर परीक्षा दी। परीक्षा केंद्राध्यक्ष नंद किशोर रेगर और हीरा लाल शर्मा के सानिध्य में परीक्षा संपन्न हुई। संस्था प्रधान मोहम्मद शाबिर रंगरेज ने बताया कि महिला-पुरुष नव साक्षरों का निरीक्षक पंकज कुमार त्रिवेदी, दुर्गा देवी बलाई, संजू बलाई और टीना कुमारी तेली ने तिलक लगाकर स्वागत किया। ग्रामीण महिलाओं का शत

**प्रतिशत लक्ष्य हासिल:**

परीक्षा केंद्र प्रभारी पंकज त्रिवेदी ने बताया कि उनके केंद्र पर सुबह 9 बजे से ही नव साक्षर पहुंचने लगे। पीएम श्री स्कूल धामनिया, प्राथमिक विद्यालय धामनिया, हरपुरा और जगपुरा के 22 महिला-पुरुष नवसाक्षरों ने परीक्षा दी और केंद्र पर उपस्थिति का लक्ष्य शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर मोहम्मद शाबिर रंगरेज, बंशी लाल धाकड़, निहाल सिंह यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिकायत के बाद हरकत में आया प्रशासन, बायतु में बंद पड़ी रोड़ लाइटें दुरुस्त करने में जुटी हाईवे टीम

▪ स्मार्ट हलचल

**बायतु**। बायतु क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ी रोड़ लाइटों की समस्या को लेकर की गई शिकायत के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईवे विभाग की टीम पिछले दो दिनों से लगातार बायतु पहुंचकर राष्ट्रीय राजमार्ग-25 पर खराब पड़ी रोड़ लाइटों को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लंबे समय से कई स्थानों पर रोड़ लाइटें बंद पड़ी थीं, जिसके कारण रात के समय राहगीरों, वाहन चालकों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इस समस्या को लेकर खीयाराम पालीवाल द्वारा दो दिन पूर्व हाईवे विभाग एवं जिला प्रशासन को अवगत करवाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई थी।

शिकायत के बाद हाईवे विभाग ने तुरंत संज्ञान लेते हुए तकनीकी टीम को मौके पर भेजा। टीम द्वारा एनएच-25 पर लगे विद्युत पोलों की जांच कर खराब पड़ी रोड़ लाइटों को ठीक करना तथा नई फिटिंग लगाने का कार्य किया जा रहा है। कई स्थानों पर रोड़ लाइटों को दुरुस्त कर चालू भी कर दिया गया है, जबकि शेष स्थानों पर मरम्मत का कार्य जारी है।

हाईवे विभाग के कर्मचारियों के अनुसार बायतु उपखंड मुख्यालय क्षेत्र में बंद पड़ी अधिकांश रोड़ लाइटों को एक-दो दिनों के भीतर ठीक कर पुनः चालू कर दिया जाएगा। रोड़ लाइटें शुरू होने के बाद रात के समय आवागमन करने वाले वाहन चालकों व आमजन को काफी राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।




**इनका कहना:**

खीयाराम पालीवाल ने बताया कि बायतु में लंबे समय से एनएच-25 पर कई रोड़ लाइटें बंद पड़ी थीं, जिससे रात के समय अंधेरा छाया रहता था और राहगीरों को काफी परेशानी होती थी। इस समस्या को लेकर उन्होंने हाईवे विभाग व जिला प्रशासन को अवगत करवाया था, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रोड़ लाइटों को ठीक करने का कार्य कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी बंद पड़ी रोड़ लाइटें चालू हो जाएंगी, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

# महंगाई और केंद्र की नीतियों पर कांग्रेस का प्रदर्शन: ब्यावर में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जताया विरोध

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** / रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के निर्देश पर पांच बत्ती चौराहे पर विधानसभा स्तरीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।




प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि रसोई गैस और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। शर्मा ने यह भी कहा कि जब तक महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया जाता, कांग्रेस का संघर्ष सड़क से सदन तक जारी रहेगा।

जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धरमसिंह भाटी ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गलत आर्थिक नीतियों और अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील से देश के किसानों और युवाओं को नुकसान होगा। भाटी के अनुसार, इससे बेरोजगारी बढ़ेगी और देश आर्थिक संकट की ओर बढ़ सकता है।

इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी और कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत आमजन और व्यापारियों के साथ अन्याय है।

इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र ओस्तवाल, नरेंद्र झंवर, पूर्व सभापति शांति बाई डाबला और पूर्व पार्षद राजेन्द्र बाबेल सहित कई नेताओं ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की।

प्रदर्शन में कपासन प्रभारी आशीष पाल पदावत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अजमत काठात, मेघराज बोहरा, शोभा चौधरी, हनुमान चौधरी, सतीश जाग्रत, रामचन्द्र टेलर, मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सुलक्षणा शर्मा, पूर्व जिला सचिव यशोदा गुर्जर, ब्यावर विधानसभा सेवादल अध्यक्ष मगन सोलंकी, एससी प्रकोष्ठ जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. जगदीश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्थान दिवस पर 'विकसित रन' आयोजित: अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साह से लिया भाग, विकास का दिया संदेश



▪ स्मार्ट हलचल

**बायतु**। बायतु क्षेत्र में लंबे समय राजस्थान दिवस के मौके पर रविवार सुबह ब्यावर में 'विकसित रन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः साढ़े सात बजे शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

दौड़ में शामिल अधिकांश प्रतिभागी सफेद पोशाक में थे। उन्होंने राजस्थान के विकास और प्रगति के संदेश के साथ इस आयोजन में भाग लिया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राजस्थान दिवस मनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदेश के विकास, एकता और जनभागीदारी का संदेश समाज तक पहुंचता है।

कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मदत्त, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र कुमार शर्मा, ब्यावर सीओ राजेश कसाना और उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने विकसित और समृद्ध राजस्थान के संकल्प के साथ कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।



# डेयरी ने शीतला अष्टमी पर की दूध संकलन और बिक्री में बढ़ोतरी, बनाया नया कीर्तिमान

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**। जिले में दुग्ध उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में अग्रणी संस्था भीलवाड़ा डेयरी ने इस वर्ष शीतला अष्टमी के अवसर पर दूध संकलन और बिक्री दोनों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। त्योहार के चलते जिले भर में दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली, जिसके चलते डेयरी प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं करते हुए आपूर्ति को सुचारु बनाए रखा। प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने बताया की डेयरी ने पैक्ड दूध की बिक्री 9 लाख लीटर से अधिक हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी तरह दूध उत्पादों की बिक्री 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है, जिसमें करीब 43 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। दूध संग्रह के क्षेत्र में भी संघ ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पहली बार दूध संग्रह 5 लाख लीटर से अधिक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 5 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि पर संघ के प्रबंध संचालक ने सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आभार बैठक आयोजित की। प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने इस सफलता का श्रेय संघ से जुड़े सभी दुग्ध उत्पादकों, दुग्ध विक्रेताओं, दुग्ध रिटेलरों, परिवहनकर्ताओं तथा कर्मचारियों को दिया। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह नए आयाम स्थापित करने के लिए सभी से सहयोग बनाए रखने की अपील की। बैठक में संघ संचालक मंडल सदस्य गोपाल लाल कुमावत, प्रबंध संचालक सहित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, दुग्ध विक्रेता एवं परिवहनकर्ता उपस्थित रहे।



# दुर्गा शक्ति अखाड़ा ने मनाया हर्षोल्लास से होली महोत्सव, डीजे की धुन पर झूमीं बहनें



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**। होली के पावन पर्व पर पूरे राजस्थान में रंगों की धूम देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में भीलवाड़ा में दुर्गा शक्ति अखाड़ा द्वारा होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शहर की हजारों बहनों और मातृशक्तियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। नेहरू रोड स्थित मालियों के नोहरे में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूरे आयोजन के दौरान माहौल रंगों, संगीत और उत्साह से सराबोर नजर आया।

अखाड़े के प्रमुख ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा शक्ति अखाड़ा द्वारा होली महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की हजारों बहनों और मातृशक्तियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत हरी सेवा धाम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसाराम जी ने की।

उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में हो रहे महिला अत्याचार को रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा। साथ ही उन्होंने महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा और अस्त्र-शस्त्र चलाना सीखने की भी प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी बहनों और मातृशक्तियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।

# युवा कंजर समाज सेवा समिति द्वारा द्वितीय विशाल रक्तदान शिविर संपन्न, 52 यूनिट रक्त संग्रहित





▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**। युवा कंजर समाज सेवा समिति, भीलवाड़ा के तत्वावधान में आज महात्मा गांधी ब्लड बैंक में ''द्वितीय रक्तदान शिविर'' का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा के उपाध्यक्ष महिपाल सिंह एवं पूरी कार्यकारिणी की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य अभिनंदन किया गया। स्वागत करने वालों में एडवोकेट भोलूराम कंजर(उपाध्यक्ष, कंजर वीर भारतीय सेना), भागचन्द झांझावत (प्रदेशाध्यक्ष, कंजर वीर भारतीय सेना), राजकुमार झांझावत (जिला अध्यक्ष, युवा कंजर समाज सेवा समिति), रजवंत झांझावत (कोषाध्यक्ष, युवा कंजर समाज सेवा समिति), कृष्ण चंद कर्मावत (सचिव, युवा) एवं डॉ. राजवीर झांझावत (एमबीबीएस) शामिल थे। इसके साथ ही (एएसआई) रामफूल कर्मावत व मंजेश कर्मावत, रतन लाल नानावत (पूर्व एएसआई), राधेश्याम नानावत (पूर्व सरपंच) तथा सुनित झांझावत (युवा मोर्चा ग्रामीण, जहाजपुर) का स्वागत दिलीप, सुरजीत, विनोद, दुर्गेश, यशपाल, विकास, बलेश, अंकित, विनय और अक्षय द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में जिले भर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजनकर्ता एडवोकेट रविंद्र नानावत ने बताया कि समाज के युवाओं के सहयोग से कुल 52 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो मानवता की सेवा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेशाध्यक्ष भागचन्द झांझावत ने सभी रक्तदाताओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करने एवं रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में विकास कर्मावत, रामकिशन, मनीष, राकेश, नरेश, विकास झांझावत, महावीर झांझावत, गोविंद, लक्की, सचिन, विनोद, विकेंद्र, देबू, अनिल और पृथ्वी सहित अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज को नई दिशा दी।

# गैस सिलेंडर की किल्लत और महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का पुतला फूंका



▪ स्मार्ट हलचल

**बानसूर**। कस्बे में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई के विरोध में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,पूर्व उद्योग मंत्री शकुंतला रावत व श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तु भी अब आम परिवार की पहुंच से दूर होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है। जूली ने कहा कि गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने की मांग की। पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतें और आपूर्ति की समस्या आमजन को परेशान कर रही है, इसलिए सरकार को तुरंत राहत देने वाले कदम उठाने चाहिए। इससें पूर्व युवा कांग्रेस द्वारा कस्बें में गैस सिलेंडर की किल्लत के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान प्रधान सुमन यादव, पीसीसी सचिव संजय यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, महेश प्रधान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषदः फागोत्सव का आयोजन



▪ स्मार्ट हलचल

**उदयपुर** (मनोज शर्मा)ः अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि) उदयपुर (महिला प्रकोष्ठ) एवं भौमेश्वर महादेव मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में फागोत्सव मनाया गया। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मधु मेनारिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती मोहिनी मेनारिया एवं प्रदेश महासचिव अनिता पालीवाल द्वारा लड्डू गोपाल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सदस्यों तथा भोंमेश्वर् महादेव समिति की समस्त मातृ शक्ति द्वारा फाग के गीतों व भजनों के साथ नृत्य और पुष्पवर्षा का भरपूर आनंद लिया। इसी के साथ आगामी आने वाले महोत्सव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम की रूपरेखा हेतु सभी से अपने विचार को साझा करने के लिए बैठक पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सुमन मेहता, दुर्गा मेनारिया, सरोज मेनारिया, दीप्ति पालीवाल, मीनाक्षी शर्मा, गरिमा नागदा, करुणा मेनारिया, सरस्वती मेनारिया, मंजु मेनारिया, चेतना मेनारिया, रेखा मेनारिया, ज्योति मेनारिया सहित महादेव समिति की समस्त सदस्या- लीला चौधरी, भगवंती बोकाडिया, नीतू जरौली, हेमलता अग्रवाल, जया राठौड़, सुमन शाह, भावना पटेल, पूजा मूंदड़ा, अनीता सहलोत, अनु आदि सदस्यगण उपस्थित रही।




# टायर फटने से सवारी से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त,दो दर्जन सवारियां घायल

▪ स्मार्ट हलचल

**-तेज धमाके के साथ दुर्घटना से मौके पर मचा हड़कंप दुर्घटना**
**-दुर्घटनाग्रस्त बस से सवारियों को निकाल कर उपजिला अस्पताल पावटा में करवाया भर्ती**
**-दो दर्जन से अधिक सवारियां दुर्घटना में घायल,घायलों का इलाज जारी**



**जयपुर** / दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार शाम को उपखंड पावटा क्षेत्र में दिल्ली के बदरपुर से श्याम जी के जा रही सवारियों से भरी एक निजी बस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज धमाके के साथ दुर्घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। दुर्घटना की सूचना मिलती पुलिस एंबुलेंस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।जहां दुर्घटनाग्रस्त बस से सवारियों को निकाल कर उपजिला अस्पताल पावटा में भर्ती करवाया गया। उपखंड पावटा अधिकारी साधना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दर्जन से अधिक सवारियां दुर्घटना में घायल हो गई। उप जिला अस्पताल से दुर्घटना में घायल दो मरीज को चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। दो मरीजों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जयपुर के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। घटनास्थल पर दुर्घटनाग्रस्त बस का डीजल टैंक फट जाने के कारण डीजल बिखरने से आग लगने की संभावना को देखते हुए फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। बिखरे हुए डीजल पर पानी की बौछार करवाने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाकर यातायात को सुचारू करवाया गया।